RAF SECTOR

NEWS CLIP

15/04/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Lohardagga, (Jkd)

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने शहर में किया फ्लैग मार्च

लोहरदगा. सदर थाना क्षेत्र के हिरही भोक्ता बगीचा में रामनवमी जुलूस पर हुए पथराव के बाद उत्पन्न स्थिति को नियंत्रण करने को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है. जिले में धारा 144 लगा दी गयी है. वहीं इलाके में पुलिस बल तैनात किये गये हैं. इस क्रम में रैपिड एक्शन फोर्स 106 बटालियन के उप कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च किया गया. इस दौरान सदर थाना क्षेत्र के बरवाटोली, इमली चौक, पावरगंज चौक, थाना टोली, न्यू रोड, अमला टोली, ईदगाह रोड, मैना बगीचा, नदिया, जूरिया, रेलवे स्टेशन, बगड़ू रोड, अपर बाजार, मिशन चौक, सोमार बाजार, राणा चौक, रेलवे साइडिंग व कचहरी मोड़ आदि इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया. मौके पर उप कमांडेंट राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट अजीत कुमार ने आमलोगों से शहर में शांति बनाये रखने की अपील करते हुए किसी के बहकावे में नहीं आने और किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही.

SHOT ON MI 10 5G

Nav Pradesh, Lohardagga, (Jkd)

स्थिति नियंत्रण में, अफवाहों पर ध्यान न दें : आरएएफ

संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा में हुए सांप्रदायिकता के बाद 106 बटा. रैपिड एक्शन फोर्स, के जवानों द्वारा राकेश कुमार उप कमाण्डेन्ट की अध्यक्षता में लोहरदगा थाना क्षेत्र में बड़ा तालाब, इमली चौक, पावरगंज चौक , थाना टोली, नई रोड, अमला टोली, इदगाह रोड, मैना बगिचा, नादिया, जोहरीया, रेलवे स्टेशन, बगडू रोड, उप्पेर बाजार, मिशन चौक, बरवा टोली, सोमार बाजार, राणा चौक, कचहरी मोर जो दंगा क्षेत्रो हनो के कारण फलैग मार्च किया गया।

प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में निकाला गया फलैग मार्च शहर के प्रमुख इलाके से गुजरा। फलैग मार्च में राकेश कुमार उप०कमाण्डेन्ट और अजीत कुमार सहा. कमाण्डेन्ट 106 बटा. रैपिड एक्शन फोर्स समेत अन्य पुलिस अधिकारीयों के साथ भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल फलैग मार्च किया । फलैग मार्च बिभिनो धार्मिक स्थानों एवं अन्य स्थलों पर किया गया है।

फलैग मार्च समाप्ति के उपरांत विधि-व्यवस्था ड्यूटी हेतु रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो को लोहरदगा के अति संवेदनशील इलाको में तैनाती किया गया। डी/106 बटा. रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो का वेश भूषा व साजो समान के साथ फलैग मार्च व ड्यूटी स्थल पर ड्यूटी करने के तरीके को देख शहर का हर आम जनता अपने आपको सुरक्षित कर रहा था एवं अराजक तत्वों में दहशन का माहौल स्थापित किया गया।

मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि हिंसा प्रभावित ब्रदर का संपूर्ण क्षेत्र हमारे नियंत्रण में हैं किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें अगर कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने या हिंसा करने का प्रयास करेगा तो रैपिड एक्शन फोर्स की टीम उससे सख्ती से निपटेगी।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।